पूर्णिमा पर श्रीजी निकले नगर भ्रमण पर, जयकार से गुंजयमान हुआ शहर

शहर के लोगों ने रथयात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

■ रथयात्रा में सभापति शिवरतन सहित शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए, भगवान कल्याणजी के रथ का सारथी बनने का सौभाग्य ट्रस्ट अध्यक्ष गिरधारी बंसल को मिला

गंगापुर सिटी। वैशाख माह की पीपल पूर्णिमा पर गुरूवार को बजाजा ट्रस्ट के त्वाधान में कल्याण जी महाराज की विशाल रथयात्रा व कलश यात्रा बैण्ड बाजो के साथ शहर के मुख्य मुख्य बाजारो से होते हुए निकाली गई। इस दौरान शहर के लोग श्रीजी महाराज के दर्शनो के लिए उमड पडे।

शहर के लोगो ने रथयात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रीजी के हजारों भक्त शामिल हुए। इससे पहले श्रीजी मंदिर में विधी विधान से पंडितो ने भगवान कल्याण जी की पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद बजाजा ट्रस्ट अध्यक्ष गिरधारी बंसल ने श्रीजी महाराज की प्रतिमा को सिर पर धारण कर मंदिर परिसर से बाहर फूल मालाओ से सजे रथ में लाकर विराजित कराया। इसके बाद कल्याण धणी जयकारो के साथ नगर भ्रमण पर निकले। रथयात्रा के सारथी ट्रस्ट अध्यक्ष गिरधारी बंसल बने। रथयात्रा में सभापति शिवरतन सहित शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। भगवान कल्याणजी के नगर भ्रमण और कलश यात्रा से पूर्व बजाजा ट्रस्ट के पदाधिकारी-सदस्य और सैंकडों महिला-पुरुष भक्त श्री कल्याणजी मंदिर पर एकत्रित हुए। यहां कल्याणजी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना और आरती की गई। इसके बाद बैंड बाजे, डीजे और गाजे-बाजे के साथ रथ में सवार होकर भगवान कल्याणजी नगर भ्रमण के लिए रवाना हुए।

भगवान कल्याणजी के रथ का सारथी बनने का सौभाग्य ट्रस्ट अध्यक्ष गिरधारी बंसल को मिला। भगवान की कलश यात्रा में 5०० से अधिक महिलाएं सिर पर कलश लिए मंगल गीत गाती हुई जबकि उत्साही युवक-महिला भजनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। इस दौरान भगवान की भव्य कलश यात्रा श्रीजी मंदिर से शुरू होकर घास मंडी, चौपड, खारी बाजार, देवी स्टोर चौराहा, पुरानी अनाज मंडी, सीतारामजी मंदिर की परिक्रमा करते हुए वापस कल्याणजी मंदिर पहुंची। कलश यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

कलश यात्रा में ट्रस्ट अध्यक्ष गिरधारी बंसल, सदस्य धर्मदेव आर्य, नेमी, महेश, गोविंद, पूरण, शिवचरण, राकेश, ओमप्रकाश, गोपाल, रमेश, देवकी, नवल, कैलाश, शिवदयाल, राजीव, रामअवतार, देवेन्द्र सहित हजारों लोग शामिल हुए। शहर में पीपल पूर्णिमा से भरने वाला कल्याणधणी का लख्खी मेला इस साल नहीं भरेगा।

आत्मनिर्भर नारी प्रोजेक्ट की शुरुआत की

भरतपुर (निस)। जेसीआई भरतपुर सखी के द्वारा अध्यक्ष हिमानी खुराना की अध्यक्षता में आत्मनिर्भर नारी प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई। यह शिविर 8 दिन चलाया गय। जिसमें सिलाई और ब्यूटी पार्लर का कोर्स करवाया। जेसी भरतपुर सखी के इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य नारी को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए पर्व बुटीक से हिमानी खुराना, लेडी केयर बुटीक और लेडी केयर ब्यूटी पार्लर आंचल गुप्ता और गेट ग्लैमरस ब्यूटी पार्लर से अंजलि अरोरा के द्वारा इस शिविर में प्रशिक्षण दिया गया।

इसमें लगभग 50 से 60 महिलाओ ओर लडकियों ने प्रशिक्षण लिया। जिससे वह अपना स्वरोजगार कर सके और अपने पैरों पर खडे हो सके। आत्मनिर्भर नारी की पूरी टीम जिसमें प्रीति माहेश्वरी, अखिलेश, चित्रा, नेहा, सीमा, आशा, द्वारा पूरा सहयोग दिया गया। शिविर का समापन समारोह 22 मई को स्वयंवर विवाह हॉल में किया गया। जिन महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया था उन सभी के लिए कंपीडीशन एवं गेम्स भी रखे गए।

सिलाई के प्रतियोगिता में प्रथम रही प्रीति या द्वितीया रही सुरभि। पार्लर के प्रतियोगिता में प्रथम रही आशा भारद्वाज और द्वितीय रही ममता। महिलाओं के मनोरंजन के लिए म्यूजिकल चेयर भी खिलाया गया जिसमें प्रथम रही मिथलेश एवं द्वितीय रही भावना एवं सभी विजेताओं को पुरस्कार भी दिया गया। इस शिविर में महिलाओ को सर्टिफिकेट दिया गया एवं सभी को अल्प आहार कराया गया। पास्ट अध्यक्ष शैली गर्ग, वन्दना अग्रवाल ओर प्रीति माहेश्वरी के द्वारा सर्टिफिकेट दिया गया। समापन समारोह में पारुल मेथी, शकुन सोनी, वंदना त्रिपाठी, नेहा भारतीय, सोनी शर्मा उपस्थित थी। सचिव आशा शर्मा ने सभी को आभार व्यक्त किया।

मतगणना दलों को प्रशिक्षण दिया

करौली(नि.स.)। उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि 4 जून को होने वाली मतगणना के लिये मतगणना कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रहकर मतगणना करवाना सुनिश्चित करें। उपजिला निर्वाचन अधिकारी गुरूवार को लोकसभा चुनाव में मतगणना दलों का प्रशिक्षण को सूचना केन्द्र के टाउन हॉल मे संबोधित करते हुए बोल रहे थे। दक्ष प्रशिक्षक महेश बाबू गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को मतगणना संबंधी प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रशिक्षण दिया।उन्होने मतगणना दल कर्मियों को मतगणना में होने वाले राउंड, मतगणना समय, मतगणना दौरान बैठने की व्यवस्था, पोस्टल बैलेट, ईवीएम से मतगणना, मतपत्रों की गणना, के साथ साथ अन्य मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से विस्तार अवगत कराया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि मतगणना स्थल पर एंट्री आईडी कार्ड के साथ होगी एवं एंट्री मे मोबाइल की अनुमति नही होगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभानु चारण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

विचार गोष्ठी का आयोजन

करौली(नि.स.)। डॉ अंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी संघ की ओर से बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ अंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी संगठन के नेतृत्व में बुद्ध पूर्णिमा एवं बुद्ध विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अंबेडकर पार्क से गौतम बुद्ध नगर बुद्ध विहार तक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसके बाद गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए वही सभी उपासक/ उपासिकाओ द्वारा बुद्ध वंदना की गई और अपने विचार गोष्टी के माध्यम से रखें इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमरलाल,महासचिव सुरेंद्र कुमार साकित,कोषाध्यक्ष अमरजीत एवं गौतम बुद्ध विकास संस्थान के अध्यक्ष रामकिशन मेहरा,उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, सचिव रामसहाय, कोषाध्यक्ष मोहनलाल तथा कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा गौतम बुद्ध विकास राजस्थान के कार्यकारिणी सदस्य, राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर की कार्यकारिणी के पदाधिकारी सदस्य तथा अंबेडकर पार्क समिति के सदस्य एवं उपासकों द्वारा स्थानीय बुद्ध विहार करौली में हर्षोउल्लास से बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई।

श्री श्याम मंदिर पर प्याऊ का किया उद्घाटन

गंगापुर सिटी। श्री श्याम बाबा विशाल भंडारा कमेटी द्वारा श्री श्याम मंदिर पर नवीन वॉटर चिलर लगाया गया। सदस्य विजय गोयल ने बताया की नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल की प्रेरणा से वाटर चिलर लगाया गया है। जिसका सभापति अग्रवाल द्वारा विधिवत पूजन कर फीता काटकर उद्घाटन किया गया। वॉटर चिलर का (प्याऊ) शुभारंभ श्याम भक्तों व राहगीरों को शरबत पिलाकर किया गया। इस मौके पर सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि गंगापुर सिटी में श्याम प्रेमियों व समाजसेवी संगठनों ने गंगापुर शहर की सेवा में रात दिन लगा रखा है। आसपास के जिलों में गंगापुर शहर समाज सेवा में अग्रणीय है। वॉटर चिलर की सेवा 24 घंटा रहेगी। आने जाने वाले राहगीरों व श्याम प्रेमियों को गर्मी में पानी से राहत मिलेगी। वॉटर चिलर (प्याऊ) के उद्घाटन के मौके पर नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, विजय गोयल, अंकित गोयल, मंदिर कमेटी अध्यक्ष राजेन्द्र दुसाद, विमल पारले, प्रमोद मोदी, देवेश पीतलिया, गोपाल सलेमपुर, मोहित जैन, भगवान बैराडा, विनोद आपणो मार्ट, गोलू सरदार, गौरव पंडित, कुंदन नमकीन, पंडित श्याम बाबा मंदिर व अनेक महानुभाव उपस्थित रहे।

सात दिवसीय शिविर आयोजित

सूरौठ । हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में आयोजित फ्लैग लीडर बेसिक कोर्स डीएलएड स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सूरौठ में 19 में से 25 में तक आयोजित शिविर में शिविर संचालक घनश्याम शर्मा ने बेसिक पाठ्यक्रम जिसमें पायनियरिंग प्राथमिक सहायता नियम प्रतिज्ञा, प्रार्थना ,झंडा गीत गायन का उपयोग ध्वज ''ध्वजारोहण जैसी विद्याओं का ज्ञान प्रदान किया शिविर में ओमप्रकाश गुप्ता मधुसूदन शर्मा ,पूजा कुमावत, और सुनील शर्मा प्रशिक्षक के रूप में अनवरत प्रशिक्षण दे रहे हैं प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय स्टाफ द्वारा अल्पाहार और सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है शिविर का समापन 24 मई 2024 को शाम को 5:30 बजे किया जावेगा 25 तारीख को प्रार्थना सभा का आयोजन होगा और दोपहर बाद प्रस्थान होगा।

बुद्ध पूर्णिमा जयंती मनाई

■ झांकी का सूरजपोल चौराए पर महन्त मन्नू महाराज, ब्रजलाल, अमर नाथ कैन द्वारा पुष्प वर्षा और शीतल पेय से स्वागत किया

भरतपुर (निस)। भरतपुर के उपासक उपासिकाओ द्वारा त्रिरत्न बौद्ध महासंघ के धम्माचारी श्रवणवीर के सानिध्य मे बुद्ध पूर्णिमा जयंती कार्यक्रम मनाया गया सर्वप्रथम झांकी की शुरुआत सुबह 7 बजे अंबेडकर भवन विकास नगर से बाबा साहब डॉ भीम राम अंबेडकर के स्टेच्यू पर माल्यार्पण कर की गई। झांकी का सूरजपोल चौराए पर महन्त मन्नू महाराज, ब्रजलाल, अमर नाथ कैन, भवर सिंह टेलर, रूप सिंह द्वारा पुष्प वर्षा और शीतल पेय से स्वागत किया गया। बिजली घर चौराहा पर कैलाश सारवान, मुकेश चौहान, अशोक जादौन, बालकिशन, मोहन करोतिया, रविकांत रैना द्वारा पुष्प वर्षा और शीतल पेय से स्वागत किया गया।

सोगरिया मोहल्ला पर जगदीश वैध, हरीश मंत्री,हरी सिंह बाबू तथा रैगर मोहल्ला पर जीतेंद्र सिंह तथा उनकी टीम द्वारा पुष्प वर्षा और शीतल पेय से स्वागत किया गया। चौधरी मैरिज होम पर लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में प्रबुद्ध बहुजन मैत्री संघ द्वारा फलाहार तथा शीतल पेय से स्वागत किया हीरादास चौराहा पर रवि शेखर के नेतृत्व मे भीम भारत युवा संगठन जसवंत नगर द्वारा पुष्प वर्षा तथा बौद्ध रसामृत से स्वागत किया गया कुम्हेर गेट चौराया पर रमन लाल, सिकंदर और उनकी टीम द्वारा फलाहार तथा मीठा शरबत से स्वागत किया गया। रेडक्रास सर्किल पर धर्मेन्द्र पठानिया तथा उनकी टीम द्वारा गुलाब जल तथा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। हॉस्पिटल मोड पर भवर सिंह सागर के नेतृत्व मे अंबेडकर नर्सिंग यूनियन द्वारा पुष्प वर्षा तथा बूंदी वितरण कर स्वागत किया गया। झांकी के समापन उपरांत प्रज्ञा बौद्ध विहार, विकास नगर में धम्माचारी श्रवणवीर द्वारा सभी उपासक उपासिकाओ धम्मदेशना दी।

झांकी तथा धम्मदेशना कार्यक्रम में डॉ राजाराम, विजय सिंह, महेन्द्र सिंह सिकरवार, तेजसिंह, रमेश चंद्र वर्मा, परसादी लाल, शिवचरण मधुकर, हेमंत सिंह, ओमप्रकाश, विजय सिंह कैरो, रामखिलाडी, बहादुर सिंह, रूप सिंह कैरो, विमल कुमार, मोहन सिंह, प्रेम सिंह कैन, रामदयाल थानेदार,ज्ञान सिंह, भवर सिंह, अमर सिंह, हर देव सिंह, प्रेम सिंह कैन, किशन सिंह, महेन्द्र सिंह, पूरन सिंह, सुनील कुमार, कमल सिंह, श्याम सुन्दर वर्मन, संतोष कुमार, कुंवर चंद, महेंद्र अरविंद दिलीप सिंह, दिगंबर, धीरज, मुकेश पिप्पल सहित भरतपुर तथा आसपास के हजारों उपासक उपासिकाओ ने भाग लिया।

करौली कलेक्ट्रेट मे शीतल पेयजल के लगे वाटर कूलर ताले मे बंद

■ भीषण गर्मी के दौर में गर्मी की मार के साथ ही पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है

करौली (नि.स.) करौली सरकार को राजस्व देने वाले कार्यालय में उपभोक्ताओं को ना तो पीने का पानी न ही भीषण गर्मी के दौर में बचाब के लिए कूलर की व्यवस्था नहीं होने से उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी के दौर में गर्मी की मार के साथ ही पीने के पानी के लिए तरसना पड रहा है।

जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय अधिकारियों की नाक के नीचे कलेक्ट्रेट में स्थित एक कार्यालय उप पंजीयन पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग है जो सरकार के लिए राजस्व देता है प्रतिदिन कृषि भूमि और आवासीय भूखंडों के क्रय विक्रय का पंजीयन होता है जिससे सरकार को अच्छा राजस्व प्राप्त होता है। ऐसे कार्यालय में काफी भीड जमा होती है लेकिन इन दोनों भीड को देखते हुए और भीषण गर्मी के दौर को देखते हुए उप पंजीयन पंजीयन एवं मुद्रण विभाग के अधिकारी ही नहीं जिला स्तरीय आला अधिकारी भी कार्यालय में उपभोक्ताओं को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की ओर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं जहां इस भीषण गर्मी के दौर में कार्यालय मे उपभोक्ता भीषण गर्मी से बचाव के लिए ना तो कूलर की व्यवस्था है ना ही उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी के दौर में पीने के लिए शीतल पानी की व्यवस्था है। गुरुवार को संवाददाता ने उप पंजीयन पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग कार्यालय मैं महिला पुरुष उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी और और पेयजल की समस्या से जूझते देखा गया जहां कई उपभोक्ताओं ने बताया कि यहां ना तो पीने की पानी की व्यवस्था है ना ही इस भीषण गर्मी के दौर में की कोई व्यवस्था है। यही नहीं कलेक्ट्रेट में भी उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी के दौर में पीने के पानी की कोई व्यवस्था देखने को नहीं मिल रही है हां देखने के लिए तो कलेक्ट्रेट की दूसरी मंजिल पर एक कार्यालय के पास दो दो वाटर कूलर लगे देखे जा रहे हैं। लेकिन उन दोनों वाटर कलरों को प्रशासन ने ताले में बंद कर रखा है जिससे उपभोक्ताओं और फरियादियों को उन वाटर कूलर के शीतल पेयजल का लाभ नहीं मिल पा रहा है और पेयजल के लिए भटकते देखे जाते हैं उन वाटर कूलर पर लगे ताले से ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन ने उपभोक्ताओं और फरियादियों के उपयोग के लिए नहीं बल्कि अपने खुद के लिए ही वाटर कूलर के शीतल पर जल का उपयोग किया जा रहा है।

अग्रवाल महिला मंडल की बैठक सम्पन्न

करौली (नि.स.)। अग्रवाल महिला मंडल करौली की बैठक अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित की गई जिसमें ग्रीष्मकालीन शिविर पर चर्चा की गई। महिला मंडल करौली के तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया जाएगा अध्यक्ष मंजू सिहल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई महामंत्री नीतू गुप्ता ने बताया कि शिविर का आयोजन 25 मई से 7 जून तक किया जाएगा जिसमें समय 4:00 से 6:00 बजे तक रहेगा इसके अंतर्गत मेहंदी, सिलाई,डांस, ब्यूटी पार्लर, ढोलक एवं आत्म सुरक्षा शिविर की कक्षाएं चलाई जाएंगी।

उन्होने: अधिक से अधिक अग्रवाल बहने और बालिकाएं से शिविर में भाग लेने कि अपील की। इस दौरान महिला मंडल की राष्ट्रीय महामंत्री रेखा गोयंका, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता सर्राफ, प्रदेश सलाहकार गायत्री सर्राफ,पूर्व अध्यक्ष हेमलता सर्राफ,मंत्रिमंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष माया गुप्ता, उपाध्याय आशा बजाज, सहमंत्री कृष्ण गोयंका, सांस्कृतिक मंत्री ममता जिंदल, कार्यकारिणी सदस्य सुनीता गुप्ता, पूजा, हिना शामिल रही।

बिजली व्यवस्था तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए

रूपवास। शहर मे गर्मी बढने से बिजली की डिमांड बढती जा रही है। इसको लेकर शहर मे विद्युत आपूर्ति की शिकायत को सुनने व देखने के लिए बयाना एक्सईएन विवेक शर्मा एईएन कार्यालय पहुचे। जहा विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों व सहायक अभियंता हुकमसिंह, कनिष्ठ अभियंता शिवकुमार के साथ फीडर इंचार्जों से एक एक फीडबैक लिया। जिसमे फीडर इंचार्जों ने बताया कि कई इलाक़ों मे रात मे जंपर डालने की वजहों से उपभोक्ताओं को वोल्टेज कम मिल पाते है। इस पर एक्सईएन विवेक शर्मा ने कहा विद्युत चोरी वाली गली मोहल्लों व गांवो को चिन्हित कर अवैध रूप से डाल रहे जंपरो को हटाये तथा वीसीआर भरे। जिससे चोरी करने वाले लोगों को सबक मिल सके। जहा ओवरलोड की समस्या है। वहा अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाए जाए। जिससे उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में बिजली की समस्या से जूझना नही पडे। इसको लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर शहर में विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जो कि 24 घंटे बिजली की जानकारी उपभोक्ताओं को देगा।इसके लिये विभाग की ओर से मोबाइल नंबर 9414028827 व 8000976237 जारी किए हैं। जिन पर हरेक व्यक्ति अपनी समस्या नोट कराकर बिजली के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता भूमिका कुन्तल का सम्मान किया

सम्मानित खिलाड़ी, खेल प्रेमी व जिला ओलम्पिक संघ का हृदय से आभार किया

■ भूमिका कुन्तल को साफा, माला दुपट्टा एवं टी शर्ट देकर सम्मानित किया

भरतपुर (निस)। जिले के सभी खेल संघों, खिलाडी एवं खेल प्रेमियों की ओर से जिला ओलम्पिक संघ भरतपुर तथा खेलो इंडिया मल्लखंभ एकेडमी स्पोर्टस घराना के संयुक्त तत्वावधान में अभी हाल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कजाकिस्तान में आयोजित एशियन सैवो प्रतियोगिता में भरतपुर की भूमिका कुन्तल के द्वारा ब्रांज मैडल जीतने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सम्मान समारोह में भरतपुर जिला ओलम्पिक संघ के सचिव तथा मल्लखंभ एकेडमी के निदेशक डॉ. रमेश इन्दौलिया ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर भरतपुर लोहागढ का नाम गौरवान्वित करने वाली खिलाडी भूमिका कुन्तल को साफा, माला दुपट्टा एवं टी शर्ट देकर सम्मानित किया। वहीं खिलाडी भूमिका कुन्तल के पिताजी एवं मुख्य कोच की भूमिका अदा कर मैडल जीतने वाले खिलाडी तैयारकर्ता तेजेन्द्र सिंह उर्फ लाला पहलवान एवं खिलाडी की मां निर्मला पीटीआई का भी माला साफा एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में यशपाल, सचिन विष्णु, रामराज, खूबचंद नागर, विजय सिंह प्राचार्य दीनदयाल तिवारी, दिलीप शर्मा, सौरभ, शुभम, अजय मौर्य, विनीत, गौरव, भरत, जल सिंह माधवी, शिवानी, सोनिया, निक्की, गुरू मां अनीता इन्दौलिया, यथार्थ, मनीषा चौधरी, देव, गौरव राठी, श्रेयांस, खुशराज, राघवेन्द्र सिंह उर्फ धम्मू जिला अध्यक्ष युवा जाट महासभा, हर्षराज, शिवानी, मीना, प्रियंका चौधरी, प्रिया, डौली सिनसिनवार, गंभीर, गंगा सिंह सभी ने माला पहनाकर खिलाडी का सम्मान किया। सम्मान समारोह के दौरान जिला ओलम्पिक संघ के सचिव डॉ. रमेश इन्दौलिया ने कहा कि भरतपुर में कई खेलों में पूर्व में खिलाडियों ने अपना भरतपुर का नाम किया है अब भरतपुर के खिलाडी खेलो इंडिया, नेशनल गेम्स, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर राजस्थान को मैडल रैली में सम्मानजनक स्थान दे रहे हैं। ऐसे में सरकार जिला प्रशासन को खिलाडियों कोक बेहतर खेल सुविधाएं वातावरण, खेल मैदान एवं उत्कृष्ठ खेल कोच उपलब्ध कराने चाहिए जिससे और बेहतर परिणाम के साथ प्रतिभाएँ आगे आयें। वहीं डॉ. रमेश इन्दौलिया ने भरतपुर के निवासी राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भरतपुर के खिलाडियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल उपकरण, खेल मैदान तथा खेल प्रशिक्षक देने की अपील की है।

अन्त में सम्मानित खिलाडी भूमिका एवं मुख्य कोच लाला पहलवान ने भी प्रतिभा सम्मान के लिए खेल प्रेमी, जिला ओलम्पिक संघ का हृदय से आभार किया।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली

हिण्डौन सिटी। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि जिले मे गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल, विद्युत, चिकित्सा सहित अन्य प्रकार की समस्याओं का आमजन को सामना नही करना पडे, इसके लिये समस्त अधिकारी सक्रिय रहकर कार्य करें।

जिला कलेक्टर गुरूवार को उपखंड कार्यालय हिण्डौन मे अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारी को ग्रमीण व शहरी क्षेत्र मे निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने, नियंत्रण कक्ष मे आने वाली शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने, कार्मिको को आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने, ट्रिपिंग की समस्याओं का निस्तारण करवाने, ढीले तारों को टाईट करवाने, पीएचईडी के अधिकारी को ब्लॉक मे पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने, लगाये गये टैंकरों की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने सानिवि के अधीशाषी अभियंता को शहर मे चल रहे कार्यो को समय पर पूर्ण करने, नगर परिषद आयुक्त को सफाई व्यवस्था सहित अन्य कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

'अधिकारी उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध कराने के प्रयास करें'

रूपवास। शहर मे गर्मी बढने से बिजली की डिमांड बढती जा रही है। इसको लेकर शहर मे विद्युत आपूर्ति की शिकायत को सुनने व देखने के लिए बयाना एक्सईएन विवेक शर्मा एईएन कार्यालय पहुचे। जहा विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों व सहायक अभियंता हुकमसिंह, कनिष्ठ अभियंता शिवकुमार के साथ फीडर इंचार्जों से एक एक फीडबैक लिया। जिसमे फीडर इंचार्जों ने बताया कि कई इलाक़ों मे रात मे जंपर डालने की वजहों से उपभोक्ताओं को वोल्टेज कम मिल पाते है। इस पर एक्सईएन विवेक शर्मा ने कहा विद्युत चोरी वाली गली मोहल्लों व गांवो को चिन्हित कर अवैध रूप से डाल रहे जंपरो को हटाये तथा वीसीआर भरे। जिससे चोरी करने वाले लोगों को सबक मिल सके। जहा ओवरलोड की समस्या है। वहा अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाए जाए। जिससे उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में बिजली की समस्या से जूझना नही पडे। इसको लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर शहर में विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जो कि 24 घंटे बिजली की जानकारी उपभोक्ताओं को देगा।इसके लिये विभाग की ओर से मोबाइल नंबर 9414028827 व 8000976237 जारी किए हैं। जिन पर हरेक व्यक्ति अपनी समस्या नोट कराकर बिजली के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। ची एफआरटी टीम के सदस्यों को भी उपभोक्ताओं की बिजली व्यवस्था तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। क्योकि भीषण गर्मी को देखते हुए शटडाउन केवल सुबह-शाम लेने को कहा गया। वही सभी विभागीय अधिकारी व कर्माचारियों को मोबाइल फोन बंद नही रखने, घन्टी बजने पर तुरंत उठाने व उपभोक्ताओं को संतुष्टि पूर्ण ज़वाब देने के लिए पाबंद किया गया है। इसके साथ ही बिजली व्यवधान की जानकारी स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप मे अपडेट करने को भी कहा गया जिससे लोगों को पल पल की जानकारी मिलती रहे। इस मौके पर एईएन हुकुम सिंह, जेईएन शिव कुमार मौजूद रहे। अंत में बैठक के बाद एक्सईएन शर्मा ने शहर मे विद्युत तंत्र का मौका मुआयना किया। तथा ओवरलोड की जानकारी मिलने पर अतिरिक्त केबल डालने, खराब केबल को बदलने व ट्रांसफॉर्मर की जरूरत होने पर प्रस्ताव भेजकर उनको लगाने के निर्देश दिए गए। शहर के फीडर पर लोड अधिक होने के कारण अलग फीडर के लिए प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए गए है। जिससे लोड विभाजित होने पर उपभोक्ताओं को अच्छे वोल्टेज व ट्रिपिंग रहित बिजली मिल सके।

स्थापना दिवस कार्यक्रम आज

गंगापुर सिटी। समीपवर्ती गांव बाढ कोयला में बाबा रामदेव मंदिर का स्थापना दिवस कार्यक्रम आज शुक्रवार को आयोजित किया जायेगा। पूर्व प्रधान कन्हैया लाल बैरवा ने बताया कि 24 मई शुक्रवार को शाम 6 बजे सत्संग व भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा।

विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल

गंगापुर सिटी। विभिन्न मांगो को लेकर गुरूवार को हडताल पर गए सफाई कर्मचारियों की मांगों पर स्थानीय स्तर पर सहमति बनने के साथ ही एक दिन में हडताल खत्म हो गई। शहर में शुक्रवार को फिर से सफाई कर्मचारी अपने काम पर लौट जाएंगे। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था फिर से पटरी पर लौटेगी। हालांकि एक दिन की हडताल के दौरान शहरवासियों को विषम हालात का सामना नहीं करना पडा। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने नगर परिषद में सफाई कार्मिकों की बैठक लेकर उनकी मांग को सुना नगर परिषद कार्मिकों की मांग थी कि 9 साल के स्थाईकरण की फाइल पर आयुक्त द्वारा अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए है।

आम सूचना

मैं बबली पत्नी श्री राधा मोहन प्रजापत निवासी शाहगंज, हिंडौन सिटी शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरा पुत्र सोनू प्रजापत पुत्र राधा मोहन प्रजापत आयु 24 वर्ष गलत संगत में पड़ गया है। उसका चाल - चलन गलत है और वह मेरा कहना नहीं मानता है। लोगों से अनावश्यक कर्ज लेता है। इसलिए मैं अपने पुत्र सोनू को अपनी निजी जिंदगी एवं चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। उसके किसी भी प्रकार के लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

CHANDRAWATI GURUKUL GIRLS TT COLLEGE
Vamanpura, Sewar, Bharatpur

Application invites for Principal (10 Yrs. Exp.)
Asstt. Prof., Lecture for Hindi, English, Sanskrit, Social Study, Pol. Science, Geography, Economics, Music, Drawing, Home Science, Maths, Gen. Science, Physics, Chemistry, Biology, Commerce, Physical Education, Computer.
Qualification : M.Sc./M.Com/MA, M.Ed., MCA, BCA, PGDCA 55% & NET/Ph.D.
Non-Teaching : Accountant, Clerk, Librarian, Lab Asstt., Computer Operator, Peon, Gardner, Guard.

Walk in 27 & 28 May, 2024 (11AM to 4PM)
Venue : College Campus
Need original documents & photocopies, Resume, PAN, Aadhar.
Salary as per UGC Norms
Mail : cggttc@gmail.com
M. : 9413918080, 9414017853, 9414017835